भर्ती हेतु सूचना

उप–परामर्शदाता– (वित्त एवं प्रशासन) (पीएमएसएसवाई) (1 पद)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

शैक्षणिक योग्यता

किसी मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि के साथ–साथ बजट/कानूनी विनियमों/मानव संसाधन विषयों में कार्य करने सहित एमबीए उपाधिधारक को वरीयता।

न्यूनतम अनुभवः 3 वर्ष

अभ्यर्थियों को नियोजन से संबंधित प्रस्तावों, अनुमान तैयार करने, सिविल या तत्संबंधी कार्यों की निविदा प्रक्रिया, निष्पादन और संविदा प्रबंध से संबंधित वित्तीय मामलों के निपटारे का न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव होना चाहिए। केंद्रीय सरकार की सिविल विनिर्माण परियोजनाओं/कें.लो. निर्माण विभाग प्रक्रियाओं/जीएफआर/परियोजना संबंधी सरकारी प्रक्रियाओं का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

कर्तव्यः

(क) सरकारी संगठनों/स्वायत्तशासी निकायों/संस्थाओं के प्रस्तावों का परीक्षण करना, सिविल या तत्संबंधी कार्यों का नियोजन, निविदा और निष्पादन करना।
(ख) पीएमएसएसवाई प्रभाग द्वारा सौंपे गए सभी कार्य करना।
(ग) संयुक्त सचिव (पीएमएसएसवाई) द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

पारिश्रमिकः

उप–परामर्शदाता– (वित्त एवं प्रशासन) को 50,000/– प्रतिमाह का समेकित पारिश्रमिक देय होगा। एक वर्ष से अधिक के लिए नियुक्त किए गए परामर्शदाता के लिए पारिश्रमिक में वृद्धि मंत्रालय की मौजूदा नीति के अनुसार देय होगी।

आयु सीमाः अधिकतम 65 वर्ष

अपने कार्यवृत्त में आयु, उपाधियां प्राप्त करने के वर्ष, मौजूदा और पूर्व रोजगार की अवधि/तिथियों का उल्लेख करना अनिवार्य है, इनके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आवेदन, ई–मेल द्वारा pmssy.nhsrc@gmail.com पर अथवा डाक द्वारा/दस्ती रूप से मानव संसाधन प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली–110067 को **दिनांक 21 फरवरी, 2016 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए। **कृपया डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे पर तथा ई–मेल से किए जाने वाले आवेदनों के मामले में विषय–लाइन पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख अवश्य करें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**